


महाविद्यालय हसनपुर में प्राचार्य डा. विनोद कुमार को सम्मानित

# 'हिंदी ही राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोए रखती'




जेएस हिंदू डिग्री कालेज में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र व कालेज स्टाफ • जागरण



मंडी धनौरा के वाईएमएस पीजी कालेज में हिंदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अध्यापक • सौ. शिक्षक

## ...व की तीसरी सर्वाधिक ...ने वाली भाषा

- हसनपुर क्षेत्र में शनिवार को मनाया गया हिंदी दिवस
- जिलेभर के स्कूल-कालेजों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी दिवस
- छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से हिंदी अपनाने के लिए किया प्रेरित

...र : शनिवार को ...कूलों में राष्ट्रीय ... गया। संघटक ...य में राष्ट्रीय ...तीन दिवसीय ...रंभ प्राचार्य डा. ... प्रज्वलित कर ...विश्व में लगभग ...बोली जाती हैं। ...ा की तीसरी ...वाली भाषा है। ... में मेडिकल ...विषयों की शिक्षा ... है। 12 सितंबर ... में निबंध ...समें उर्वशी बीए ...स्थान पर रही। ...षण और पोस्टर ...गईं। इसमें विधि ... सेमेस्टर प्रथम ...चार्य की स्मृति ... किया। यहां डा. ... कविता चौधरी, ... डा. महेंद्र पाल ...आदि मौजूद रहे। ... आनंद हसनपुर ... रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। राजेंद्र एकेडमी सिहाली जागीर में प्रधानाचार्य मनिंदर कौर ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती सुखदेवी इंटर कालेज में हिंदी दिवस पर वाद-विवाद, निबंध, सुलेख, श्रुतलेख, नारालेखन तथा नारी के विविध रूपों को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

इसमें वाद-विवाद में नंदनी, निबंध में श्वेता सक्सेना, कविताचाचन में वंशिका राणा, सुलेख में कृतिका चंद्रा, श्रुतलेख में दिव्यांश आर्य, नारालेखन में निदा परवीन तथा नारी के विविध रूपों को लेकर चित्रकला में निम्मी व कन्हैया ने बाजी मारी। प्रधानाचार्य परम सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उधर, सरस्वती शिशु मंदिर सैदनगली में भी हिंदी दिवस मनाया गया। यहां पर प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे ने विचार व्यक्त किए।

जागरण संवाददाता, अमरोहा : स्कूल-कालेजों में हर्षोल्लास के साथ हिंदी दिवस मनाया गया। स्कूल-कालेजों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं की कविताएं और भाषण, निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें हिंदी भाषा को अपनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्टाफ ने सभी छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। यहां वक्ताओं ने कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा है जो राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोए है।

शनिवार को जेएस हिंदू पीजी कालेज में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वपटल पर हिंदी का विकास विषयक संगोष्ठी हुई। इसका शुभारंभ मां सरस्वती वंदना संग माल्यार्पण से किया। वक्ताओं व छात्र-छात्राओं ने विश्व में हिंदी के विकास और विस्तार पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कालेज प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हम न केवल हिंदी के महत्व को समझते हैं, बल्कि उसके वैश्विक विस्तार को संवर्धन से भी रूबरू हो होते हैं। हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर बीना रुस्तगी ने हिंदी भाषा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, और इसके विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य अनुशासक डा. नवनीत विश्नोई, डा. रश्मि, डा. आभा सिंह आदि मौजूद रहे। श्री राम पब्लिक इंटर कालेज में भी धूमधाम के साथ हिंदी दिवस मनाया गया। प्रबंधक अवनीश कुमार गुप्ता ने हिंदी के महत्व बताया। यहां विद्यालय चेयरमैन वंश गुप्ता, प्रधानाचार्य समेत स्टाफ मौजूद रहा। मुहल्ला छंगा दरवाजा स्थित कार्यालय पर हिंदी दिवस के मौके पर बैठक हुई। यहां गांधी मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गांधी ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है। सभी को हिंदी में कार्य करना चाहिए। हाशमी गर्ल्स पीजी कालेज में भी हिंदी दिवस पर गोष्ठी व सम्मान समारोह हुआ। हिंदी विभाग की प्रवक्ता डा. नीलम रस्तोगी व विनय शर्मा को सम्मानित किया। कालेज प्रबंधक डा. सिराजुद्दीन हाशमी, प्राचार्या डा. रिजवाना, कुलसुम समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। आईएम कालेज ओल्ड बायज एसोसिएशन की ओर से भी हिंदी दिवस मनाया गया। सोसाइटी अध्यक्ष युनूस जैदी, शीबान कादरी, आफताब आलम, आसिफ आदि ने विचार रखे। घनश्यामदास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में भी हिंदी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिला शिक्षक एकता ने हिंदी दिवस पर कविता हिंदी मैं क्या लिखूं तुम्हारे लिए के जरिये अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय प्रबंधिका अंजलि टंडन ने सभी को हिंदी दिवस

### वाईएमएस पीजी कालेज में मनाया गया हिंदी दिवस

संस, जागरण • मंडी धनौरा : वाईएमएस पीजी कालेज में हिंदी दिवस के मौके पर संगोष्ठी हुई। इसमें हिंदी के विकास को लेकर जोर दिया गया। शनिवार को हिंदी दिवस के मौके पर प्राचार्य ने बताया कि कोई भी राष्ट्र पूर्ण रूप से हर क्षेत्र में तब तक परंपरागत नहीं हो सकता जब तक उनकी शिक्षा का माध्यम मातृभाषा न हो। अध्यक्ष ने कहा कि 14 सितंबर 1953 से हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। इससे न सिर्फ अपने राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी हिंदी भाषा को गैर हिंदी भाषी लोगों के बीच भी इसकी उपयोगिता बढ़ रही है। मनु सिंह, शमा अख्तर, जयवीर सिंह, मोमिन अहमद, भोपाल सिंह, संजय सिंह, सीमा शर्मा आदि मौजूद थे।

## पंचायतों में बनेंगे खेल

वरिष्ठ जनरल सर्जन से सलाह
91 9389808035
निःशुल्क
किडनी एवं गॉल ब्लैडर स्टोन सर्जरी मतलब
उजाला सिग्नस
डॉ. भूपेंद्र शर्मा
MBBS, MS (GENERAL SURGERY)
8 वर्षों से ज़्यादा का अनुभव
24 घंटे डायलिसिस
आयुष्मान भारत द्वारा निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
पाइल्स
फिस्टुला एवं फिशर
लेज़र विधि द्वारा
पाइल्स

SBI भारतीय स्टेट बैंक

Management SOFTWARE
9971839153
www.proctur.com

### आज का मौसम

अमरोहा में आज बरसात होने का अनुमान है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **अमरोहा** | | |
| 15 सितंबर | 31.1 | 23.9 |
| 16 सितंबर | 32.2 | 23.8 |
| **मुरादाबाद** | | |
| 15 सितंबर | 31 | 23 |
| 16 सितंबर | 31 | 23 |
| **नैनीताल** | | |
| 15 सितंबर | 21 | 16 |
| 16 सितंबर | 22 | 17 |
| **दिल्ली** | | |
| 15 सितंबर | 33 | 23 |
| 16 सितंबर | 34 | 25 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

## सुबह बूंदाबांदी, दोपहर में धूप, शाम को बादल

जासं, अमरोहा : तीन दिन से लगातार हो रही वर्षा से चौथे दिन यानी शनिवार को कुछ राहत मिली। सुबह बूंदाबांदी रही जबकि, दोपहर में धूप खिल गई। चार दिन में जनपद में 135 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इधर अपराह्न तीन बजे फिर बादल छा गए। हालांकि, आज बूंदाबांदी कम होने की वजह से शहर में किसी भी जगह जलभराव नहीं हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को भी बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने के आसार हैं। उपनिदेशक कृषि डा. रामप्रवेश ने बताया कि मौसम

# जे. एस. हिन्दू पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विश्वपटल पर हिंदी का विकास विषयक संगोष्ठी का आयोजन










**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** जे. एस. हिन्दू पीजी कॉलेज, अमरोहा के सुदर्शन सभागार में आज शोध एवं स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वपटल पर हिंदी का विकास विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने विश्व में हिंदी के विकास एवं विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन के माध्यम से हम न केवल हिन्दी के महत्व को समझते हैं बल्कि उसके वैश्विक विस्तार और संवर्धन से भी रुबरु होते हैं। हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर बीना रुस्तगी ने हिन्दी भाषा के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए इसके विकास हेतु किये जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया।

कार्यक्रम संयोजक और मंच संचालन कर रहे डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि भूमण्डलीकरण के इस दौर में हिन्दी भाषा का तीव्रगति से चहुंदिक विकास हुआ है और विश्व के 40 विश्वविद्यालयों के साथ साथ अनेक महाविद्यालयों में भी हिंदी विषय में अध्ययन - अध्यापन कार्य किया जा रहा है। हिंदी विभाग से डॉक्टर ऋतुराज यादव, डॉक्टर जावेद, डॉक्टर विशेष कुमार राय , तथा रणदेव सिंह ने भी संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर संगोष्ठी को महाविद्यालय के मुख्य अनुशासक डॉ नवनीत बिश्नोई एवं डॉक्टर रश्मि ने भी संबोधित किया शिक्षा शास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ आभा सिंह , डॉ राजन लाल ,डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद मौर्य, डॉक्टर मोहित शर्मा ,डॉक्टर शिवमगन ,डॉ सत्य प्रकाश परमार भी उपस्थित रहे विद्यार्थियों में नीशू जोशी, अलशिफा नूर, रेशू जोशी, प्रियांशी, कामनी, रश्मि, मेघा दिवाकर ,निखिल कुमार प्रजापति विश्वास आदि ने हिन्दी के वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।धन्यवाद ज्ञापन रणदेव सिंह ने किया ।



अमर उजाला अमरोहा युवा Youth

# हिंदी भाषा का तेजी से हुआ विकास

## जेएस हिंदू कॉलेज में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर हुई संगोष्ठी में बोले प्राचार्य डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी

अमरोहा। जेएस हिंदू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भू मंडलीकरण के इस दौर में हिंदी भाषा का तीव्रगति से चहुंदिक विकास हुआ है। विश्व के 40 विश्वविद्यालयों के साथ-साथ अनेक महाविद्यालयों में भी हिंदी विषय में अध्ययन-अध्यापन कार्य किया जा रहा है।

कॉलेज के सुदर्शन सभागार में शनिवार को शोध और स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वपटल पर हिंदी का विकास विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन के माध्यम से हम न केवल हिन्दी के महत्व को समझते हैं, बल्कि उसके वैश्विक विस्तार और संवर्धन से भी रूबरू होते हैं।

हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर बीना रुस्तगी ने हिन्दी भाषा के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए इसके विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक और मंच संचालक डॉ. राजीव कुमार, डॉ. ऋतुराज यादव, डॉ. जावेद, डॉ. विशेष कुमार राय, रणदेव सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ. नवनीत विश्नोई, डॉ. रश्मि, डॉ. आभा सिंह, डॉ. राजन लाल आदि मौजूद रहे।



जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में सम्मानित छात्र-छात्राएं व अन्य। स्रोत : कॉलेज

### विद्यार्थियों ने कविता, गीत व नाटक प्रस्तुत किए

अमरोहा। जवाहर नवोदय विद्यालय बसेड़ा तगा में हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें हिंदी से संबंधित कविता, गीत व नाटक प्रस्तुत किए गए। जिन्हें जमकर सराहना मिली। विद्यालय की ओर से हिंदी दिवस पर हिंदी के महत्व को इंगित करने वाले कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें हिंदी संबंधी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हीरालाल यादव, लक्ष्मी सिंह, अनुभा तोमर के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान छात्राओं में तनु, शारदा, माही आदि मौजूद रहीं। संवाद

### वाद विवाद प्रतियोगिता में नंदिनी व निबंध में श्वेता

हसनपुर। श्रीमति सुखदेवी इंटर कालेज में हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य परम सिंह ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता नंदिनी व आदिल, निबंध प्रतियोगिता में श्वेता सक्सेना, कविता वाचन प्रतियोगिता में वंशिका राणा, सुलेख प्रतियोगिता में कृतिका, सुलेख प्रतियोगिता दिव्यांश आर्य, नारा लेखन प्रतियोगिता रिदा परवीन, नारी के विविध रूपों को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता निम्मी व कन्हैया ने बाजी मारी। इस मौके पर ललित कुमार, धर्मपाल सिंह, विक्रम सिंह, जीत, मुकेश कुमार, जगदीश शरण, संजय आदि रहे। संवाद

अब ...

विद्या ...
सिर्फ ...

अमर उ...

अमरोहा ... हुए और ... लाभ ... माहेश्वरी ... ऑनलाइ... अब 30 ... है। पहले ... की गई थी ... कि फॉर्म ... भरना अ...

छात्र... परीक्षा 8... परीक्षा ... कराई जा... सुविधानुस... कर सकते ... मेल द्वारा ... दी जाएगी ... मेल आई... अतुल मा... और दस...

# हिंदी दिवस पर सम्मानित किए गए विद्यार्थी, ...

## ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत, कविता और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर म...

संवाद न्यूज एजेंसी

गजरौला। हिंदी दिवस पर नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत, कविता व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मन मोह लिया। हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में हिंदी विषय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली चार छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कॉलेज अध्यक्ष विनय कुमार सिंघल व प्रबंधक रोहताश शर्मा ने हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। कविता, भाषण, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मन मोह लिया। कॉलेज के अध्यक्ष और प्रबंधक ने हिंदी में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा दीक्षा, सोनम सैफी, प्रियांशी, सृष्टि शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं भी सम्मानित किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य पवन गिरि गोस्वामी, ...



गजरौला के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद



ज्ञान भार... पर का...

कार्यक्रम ... कविता ... इंद्र सिंह, ...

## न्यूज डायरी

### हिंदी और संस्कृति का रिश्ता बताया





# पोस्टर प्रतियोगिता में नम्रता पहले स्थान पर



जनप... बालि... रजपु...

संभल। ... स्मारक ... को जन... आयोज... वर्ग में ... वर्ग में ... प्रतियो...